11055/20-10-2020

**निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप की अध्यक्षता में दिनांक– 19.10.2020 को हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के साथ हुई समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

उपस्थितिः– यथा पंजी संधारित।

दिनांक– 19.10.2020 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप की अध्यक्षता में तीनों हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ उनके द्वारा विशेष सर्वेक्षण के लिए चयनित 20 जिलों में किये जा रहे कार्य एवं शिविरों में उनके द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले संसाधनों की समीक्षा की गई। जिसका बिन्दुवार विवरण निम्नवत् हैः–

1. **हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों का कार्य क्षेत्र** – बैठक में सर्वप्रथम विशेष सर्वेक्षण के लिए चयनित 20 जिलों में हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के कार्य क्षेत्र की समीक्षा की गई। एम0आई0एस0 से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों का कार्य क्षेत्र निम्नवत् पाया गयाः–

| क्र0 सं0 | हवाई सर्वेक्षण एजेंसी का नाम | आवंटित जिलों की संख्या | आवंटित अंचलों की संख्या | शिविरों की संख्या | ग्रामों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | आई0एल0 एण्ड एफ0एस0 | 3 | 20 | 45 | 1048 |
| 2. | जी0आई0एस कंसोर्टियम | 6 | 24 | 52 | 1299 |
| 3 | आई0आई0सी0 | 11 | 47 | 111 | 2872 |
| | **कुल** | **20** | **91** | **208** | **5219** |

2. **एजेंसी द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले मानचित्रों की समीक्षा** – सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को निदेशित किया गया कि शिविर/ग्राम स्तर पर एजेंसी स्तर से आपूर्ति किए जाने वाले मानचित्रों में विगत् सर्वेक्षण विशेष सर्वेक्षण के मानचित्र के आधार पर वर्त्तमान विशेष सर्वेक्षण मानचित्र में त्रिसीमानों और मुश्तकिल को चिन्हित किया जाए एवं कार्यरत अमीनों को मुश्तकिल तथा त्रिसीमाना को टाईलाईन के साथ प्रदर्शित करते हुए A4 साईज में ऑर्थोफोटोग्राफ प्रिंट कर उपलब्ध कराया जाए। साथ ही ग्राम–सीमा सत्यापन के क्रम में स्थापित किए जाने वाले TCP (Tertiary Control Point) का एवं त्रिसीमानों तथा मुश्तकिल का कोंडिनेट उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।
3. **एजेंसी द्वारा शिविरों को उपलब्ध कराए जाने वाले संसाधनों की समीक्षा** – हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के उपस्थित प्रतिनिधि IL&FS, GISC, एवं IIC द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा क्रमशः 13, 11 एवं 15 ETS मशीन विशेष सर्वेक्षण कार्य के लिए उपलब्ध कराये गए हैं। समीक्षा में पाया गया कि आई0आई0सी0 एजेंसी द्वारा प्रथम चरण के 11 जिलों के विरूद्ध मात्र 3 जिलों में ई0टी0एस0 एवं कर्मी उपलब्ध कराये गये है, जबकि जी0आई0एस0 द्वारा प्रथम चरण के 6 जिलों में से मधेपुरा में ई0टी0एस0 एवं कर्मी उपलब्ध नहीं कराया गया है। आई0एल0 एण्ड एफ0एस0 द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा आवंटित तीनों जिलों में ई0टी0एस0 एवं कर्मी उपलब्ध करा दिये गये है। एजेंसी द्वारा दिये गये प्रतिवेदनों से स्पष्ट हुआ कि शिविरों की आवश्यकता के अनुसार ई0टी0एस0 एवं कर्मी उपलब्ध नहीं कराये गये है, जिस कारण मुश्तकिल एवं त्रिसीमाना को चिन्हित करने का कार्य बाधित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि एजेंसियों को ग्रामवार ई0टी0एस0 एवं कर्मी की उपलब्ध सुनिश्चित करना है।

निदेश दिया गया कि विशेष सर्वेक्षण के लिए गठित किए गए 208 शिविरों में प्रत्येक शिविर को तत्काल कम से कम एक ETS मशीन एवं दो प्रिज्म कर्मी के साथ उपलब्ध कराए जाए ताकि आगामी 10 दिनों में सभी शिविरों में मुश्तकिल एवं त्रिसीमाना की पहचान का कार्य पूरा किया जा सके।

4. **जिलों में एजेंसी कार्यालय खोलने के सम्बन्ध में** – समीक्षा में स्पष्ट हुआ कि प्रथम चरण के सभी जिलों में हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा कार्यालय की स्थापना नहीं की गई है।

सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के प्रतिनिधियों को निदेशित किया गया कि प्रथम चरण के सभी 20 जिलों में एजेंसी अपना कार्यालय खोला सुनिश्चित करे।

5. **पूर्णियाँ के श्रीनगर अंचल के विशेष सर्वेक्षण मानचित्र उपलब्ध कराने के संबंध में** – समीक्षा में स्पष्ट हुआ कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, आई0आई0सी0 द्वारा अब तक पूर्णियाँ के श्रीनगर अंचल अंतर्गत आने वाले ग्रामों का विशेष सर्वेक्षण मानचित्र तैयार नहीं किया गया है, जबकि श्रीनगर अंचल में शिविर का गठन करते हुए कर्मियों का पदस्थापन कर दिया गया है।

संबंधित एजेंसी को निदेश दिया गया कि श्रीनगर अंचल अंतर्गत ग्रामों का मानचित्र उपलब्ध कराना यथाशीघ्र सुनिश्चित किया जाय।

20/x/20

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319/2016....11055.... **पटना, दिनांक** :–20-10-2020

**प्रतिलिपिः**– समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय, खगड़िया, शिवहर, सीतामढ़ी, शेखपुरा, मुंगेर, सुपौल, सहरसा, लखीसराय, जमुई, कटिहार, पूर्णियां, बांका, नालंदा, अरवल, जहानाबाद, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज एवं पश्चिमी चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20/x/20

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319/2016....11055.... **पटना, दिनांक** :–20-10-2020

**प्रतिलिपि** :– राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के जिलों के लिए प्राधिकृत सभी वरीय नोडल पदाधिकारी/निदेशालय के स्तर से जिलों के लिए प्राधिकृत सभी नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20/x/20

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319/2016....11055.... **पटना, दिनांक** :–20-10-2020

**प्रतिलिपि** :–सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

20/x/20

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319/2016....11055.... **पटना, दिनांक** :–20-10-2020

**प्रतिलिपिः**– हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, आई0आई0सी0, आई0एल0एण्ड एफ0एस0, जी0आई0एस0 कंसोटियम को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

20/x/20

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–विशेष सर्वेक्षण एजेंसी–319/2016....11055.... **पटना, दिनांक** :–20-10-2020

**प्रतिलिपिः**– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

20/x/20

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप